झाँसी स्टेशन के नाम परविर्तन का प्रस्ताव

चर्चा में क्यों?

03 अगस्त, 2021 को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानदं राय ने लोकसभा में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने झाँसी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर ‘वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन’ ('Veerangana Laxmi Bai Railway Station) करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है।

प्रमुख बिंदु

- किसी राज्य का नाम परविर्ततित करने के लिये संविधान में संशोधन की आवश्यकता होती है वहीं किसी गाँव या कस्बे या रेलवे स्टेशन का नाम बदलने के लिये एक कार्यकारी आदेश की आवश्यकता होती है।
- इलाहाबाद शहर का नाम बदलकर प्रयागराज तथा फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या किया गया है। अब झांसी रेलवे स्टेशन का नाम 1857 की क्रांति की नायिका वीरांगना लक्ष्मीबाई के नाम पर करने का प्रस्ताव केंद्र के पास भेजा गया है।
- उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश की सीमा पर अवस्थित झाँसी उत्तर भारत में पुणे के पेशवाओं की एक महत्त्वपूर्ण रियासत और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का मुख्य केंद्र रहा है।
- गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में इससे पहले मुगलसराय रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन किया गया था।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय किसी भी रेलवे स्टेशन या स्थान के नाम को परविर्ततित करने के प्रस्ताव को रेल मंत्रालय, डाक विभाग तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग से अनापत्ति मिलने के उपरांत हरी झंडी देता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/proposal-to-rename-jhansi-railway-station